से प्रार्थना की थी तथा उसकी प्रार्थना स्वीकार कर ली गई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान ने विश्व बाजार में बड़े पैमाने पर हथियार खरीदने के लिए सऊदी अरब से ऋण मांगा है; और

(ग) यदि हां तो इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) सरकार के पास कोई सूचना नहीं है ।

(ख) सरकार ने समय-समय पर अखबारों में ऐसी खबरें देखी हैं कि सऊदी अरब ने सैनिक उपकरण खरीदने के लिए पाकिस्तान को ऋण दिया है । सऊदी अरब की सरकार ने इन खबरों से इनकार किया है ।

(ग) सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत इस तरह की हथियारों की सहायता को अमित्रतापूर्ण कार्य समझेगा और यह कि इस तरह की सहायता से उप-महाद्वीप में शान्ति में बाधा पड़ेगी और इससे ताशकन्द घोषणा के अमल में कठिनाई उत्पन्न होगी ।

C.I.A. Activities

2876. Shri A. K. Gopalan:
Shri K. Ramani:
Shrimati Suseela Gopalan:

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state:

(a) whether India has supported the move for the inclusion of a separate para to mention the activities of the American Central Intelligence Agency, particularly its infiltrations into non-Governmental organisations in a report of the Economic and Social Council of United Nations (ECOSOC); and

(b) if so, the reasons therefor?

The Minister of External Affairs (Shri M. C. Chagla): (a) and (b). During the meeting of the Committee on Non-Governmental Organisations of the Economic and Social Council, some delegations pointed out that a number of non-Governmental organisations received financial support from the American Central Intelligence Agency and that this was incompatible with their consultative status with the Economic and Social Council. There was a procedural motion to include this view in the report of the Committee on Non-Governmental Organisations and India supported the motion.

बैसाखी के त्योहार पर सिख तीर्थ यात्रियों की पंजा साहब की यात्रा

2877. श्री भारत सिंह चौहान :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बैसाखी के अवसर पर एक हजार सिख तीर्थ यात्री पंजा साहब गये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि हसैनीवाला क्षेत्र में उनका भव्य स्वागत किया गया था ; और

(ग) कितने व्यक्तियों को पासपोर्ट दिये गये थे तथा उन में से कितने व्यक्तियों को पासपोर्ट नहीं दिये गये थे ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) बैसाखी के अवसर पर भारत के विभिन्न भागों से कोई 1350 सिख यात्री पंजा साहब की यात्रा के लिए गए ।

(ख) सरकार को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि हुसैनीवाला क्षेत्र में उनका ऐसा स्वागत किया गया था ।